राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–12) विभाग

क्रमांकः प.1(10)/गृह–12/कारा/2024 जयपुर, दिनांकः E-signed date

:: आदेश ::

इस विभाग की आज्ञा क्रमांक प.1(29)गृह–12/कारा/1996पार्ट दिनांक 24.05.2024 के द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं (संयुक्त प्रतियोगी) परीक्षा, 2021 के माध्यम से चयन उपरांत श्री अशोक चौधरी, मेरिट क्रमांक–263 के राजस्थान कारागार सेवा उपाधीक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश जारी करते हुए दिनांक 27.05.2024 को आधारभूत प्रशिक्षण हेतु एच.सी.एम. रीपा, जयपुर में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया। अभ्यर्थी श्री चौधरी द्वारा उक्त दिनांक को उपस्थिति होने में असमर्थता प्रकट करने व कार्यग्रहण अवधि में अभिवृद्धि बाबत् प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र पर समसंख्यक विभागीय पत्र दिनांक 05.06.2024, 05.07.2024 एवं 26.09.2024 के द्वारा अधिकतम 06 माह तक की समयावधि में अभिवृद्धि स्वीकृत की गई। इसके पश्चात् समसंख्यक विभागीय पत्र दिनांक 05.12.2024 एवं 24.12.2024 के द्वारा कार्यग्रहण करने हेतु सूचित करने के बावजूद श्री चौधरी कार्यग्रहण करने हेतु उपस्थिति नहीं हुए और न ही इस बाबत् इस विभाग को कोई सूचना भिजवाई है।

अतः श्री अशोक चौधरी को नवनियुक्त पद पर कार्यग्रहण करने का इच्छुक नहीं मानते हुए समसंख्यक आज्ञा दिनांक 24.05.2024 के द्वारा राजस्थान कारागार सेवा में उपाधीक्षक पद पर जारी किये गये इनके नियुक्ति आदेश निरस्त किये जाते हैं।

इससे उपलब्ध रिक्ति को आगामी भर्ती परीक्षा में सम्मिलित किया जावेगा।

आज्ञा से,

(अविचल चतुर्वेदी)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रमुख सचिव, माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान।
2. अति. मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, कार्मिक विभाग।
5. निजी सचिव, विशिष्ठ शासन सचिव, गृह विभाग।
6. महानिदेशक कारागार राजस्थान, जयपुर।
7. वरि. शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. संबंधित कार्मिक।
9. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सूचनार्थ प्रेषित है।

संयुक्त शासन सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2025.02.17 18:42:37 IST
Reason: Approved

Office Address – Home (Gr.-12/JAIL) Department,
Room No. 1117, Main Building, Secretariat, Jaipur - 302005
Phone No. 0141-2227246 E-mail - jshome125@gmail.com